अनदेखी ▶ छात्रों की सुरक्षा दांव पर

# बसों के संचालन को लेकर निजी स्कूलों की मनमानी






**नवभारत न्यूज**
**सौसर 14 जुलाई** – सौसर विकास खंड के निजी स्कूलों में संचालित हो रही स्कूल बसों की व्यवस्था और छात्रों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। क्षेत्र के प्रतिष्ठित सांदीपनी स्कूल में छात्रों के लिए घोषित निशुल्क बस व्यवस्था पर अचानक ग्रहण लग गया है, जिससे पालकों में भारी असंतोष व्याप्त है।

**नियमों को ताक पर रखकर हो रहा संचालन** – मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के निजी स्कूल प्रबंधन एडमिशन के समय तो पालकों को बेहतर परिवहन और निशुल्क या सुचारू बस सुविधा का प्रलोभन देते हैं, लेकिन दाखिला प्रक्रिया पूरी होते ही वे अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। वर्तमान में सौसर विकास खंड के कई निजी स्कूलों में परिवहन नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। नियमानुसार एक स्कूल के लिए निर्धारित बसें, कई अलग-अलग स्कूलों के बच्चों को एक साथ कवर कर रही हैं।

### *सुरक्षा व्यवस्था पर मंडराया खतरा –*

*विभिन्न स्कूलों के बच्चों को एक ही वाहन में क्षमता से अधिक ठूंस-ठूंस कर ले जाने के इस खेल से मासूम छात्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर खतरा मंडराने लगा है। ओवरलोडिंग और अव्यवस्थित रूट के कारण किसी भी वक्त बड़ी दुर्घटना होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्कूल प्रबंधनों के इस अड़ियल और गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण पालकों की चिंता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।*

**पालकों ने की एक स्कूल, एक बस की मांग** – बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित पालकों ने अब लामबंद होना शुरू कर दिया है। पालकों की स्पष्ट मांग है कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि एक स्कूल के लिए केवल एक ही समर्पित बस का संचालन किया जाए, ताकि बच्चों को समय पर और सुरक्षित घर व स्कूल पहुंचाया जा सके।

### *प्रशासन से सख्त दखल की गुहार –*

*निजी स्कूलों की इस मनमानी और बसों के लचर संचालन को देखते हुए पालकों ने स्थानीय प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। पालकों का कहना है कि प्रशासन इस मामले में दखल देकर स्कूल बसों की सघन चेकिंग कराए और उचित एवं सुचारू बस संचालन सुनिश्चित करने के लिए स्कूल प्रबंधनों को कड़े निर्देश जारी करे, ताकि किसी अनहोनी को टाला जा सके।*

# बोरगांव सरपंच से मारपीट का मामला गर्माया, पंचायत प्रतिनिधियों में आक्रोश

## सरपंच संगठन ने प्रशासन से मांगी सख्त कार्यवाही और सुरक्षा



### सरपंच संगठन ने खोला मोर्चा

मंगलवार को सरपंच संगठन सौसर ने मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी सिद्धार्थ पटेल (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने प्रदेश में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ हो रही धमकी और हमले की घटनाओं पर चिंता जताते हुए तत्काल एफआईआर, सख्त कार्यवाही, पुलिस सुरक्षा और स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की।संगठन ने चेतावनी दी कि यदि कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

**नवभारत न्यूज़**
**सौसर 14 जुलाई.** सोमवार को सौसर विकासखंड की बड़ी ग्राम पंचायत बोरगांव में सरपंच पंकज श्रीपद दातारकर के साथ शासकीय कार्य के दौरान कथित मारपीट, गाली-गलौच एवं जान से मारने की धमकी का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है।

**शासकीय कार्य में बाधा का आरोप :** ग्राम पंचायत बोरगांव की ओर से कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि सरपंच शासकीय कार्यों का निर्वहन कर रहे थे। इसी दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए उनके साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौच, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। ज्ञापन में कहा गया कि जनप्रतिनिधि के साथ इस प्रकार का व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आघात है। इससे न केवल पंचायत प्रतिनिधियों का मनोबल प्रभावित होता है, बल्कि गांवों में चल रहे विकास कार्य भी बाधित होने की आशंका रहती है। पंचायत ने दोषियों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्यवाही और पंचायत प्रतिनिधियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे पौधे

**बैतूल।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र का विस्तार तथा जनसामान्य को वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना रहा। विकासखंड बैतूल की ग्राम पंचायत कढ़ाई स्थित कढ़ाई देव पहाड़ी पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री हंसराज धुर्वे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# लंबित प्रकरणों का तत्काल निपटारा करने एसपी ने दिए समीक्षा बैठक में थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश



**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना, 14 जुलाई,** जिला पुलिस कंट्रोल रूम में मंगलवार को संपन्न हुई मासिक बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थाना तथा पुलिस चौकियों के वन टू वन अपराधों की समीक्षा करते हुए प्रभारियों को लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के साथ ही अवैध धंधों पर सख्ती से पाबंधी लगते हुए अपराधियों पर भी कार्यवाहीं करने के निर्देश दिए,वहीं दिनों-दिन बढ़ते जा रहीं सडक् दुर्घटनाओं पर एसपी द्वारा चिंता व्यक्त करते हुए सडक् दुर्घटनाए रोकने सत्त प्रयास करने की भी बात कहीं।नगर जिला मुख्यालय के पुलिस कंट्रोल रूम में मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक प्रकाश परिहार द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक ली जिसमें जिले के लगभग समस्त पुलिस थाना तथा चौकी प्रभारी उपस्थित थे,एसपी द्वारा स्वयं प्रत्येक थाने तथा चौकी में लंबित अपराधों के संदर्भ में प्रभारियों से चर्चा करते हुए इसके निराकरण को लेकर कि गई जानकारी लेते हुए सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र ही निराकरण करने के निर्देश दिए । उन्होंने जिले के सभी थाना तथा चौकी में कहीं भी कोई अवैध धंधे पनपने नहीं देंने की हिदायत देंते हुए इन अवैध धंधे तथा अपराधियों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाहीं करने के निर्देश दिए,वहीं इस बैठक में विशेषकर नगरीय सीमा से लगे नागपुर भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग के ग्राम मोही से लेकर बड़चिचोली तक होने की वाले गंभीर सडक् दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इन सडक् दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सत्त प्रयास करने के इन क्षेत्रों के थाना तथा चौकी प्रभारी को निर्देश दिए ।

इस समीक्षा बैठक में एसपी प्रकाश परिहार, एएसपी मनकामना प्रसाद, एसडीओपी पांढुरना बृजेश भार्गव,सौंसर एसडीओपी सहित जिले के सभी पुलिस थाना तथा चौकी प्रभारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

# सांदीपनि विद्यालय में हुआ मेधावी विद्यार्थी का सम्मान



**नवभारत न्यूज़**
**सौसर 14 जुलाई.** नगर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय में शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी की ओर से मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश सारस्वत के प्रतिनिधित्व में बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं की प्रावीण्य सूची में प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु. निकिता फरकसे को सम्मानित किया गया। निकिता को बैज, प्रशस्ति पत्र, स्कूल बैग एवं 5100/- रुपये का चेक भेंट किया गया।इसी के साथ विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सांदीपनि विद्यालय की ओर से प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा एवं उपप्राचार्य संजय गवनेकर को भी सम्मान स्वरूप मोमेंटो एवं तुलसी का पौधा भेंट किया गया।

## कन्या शाला में न्यायाधीश ने लगाया पौधा



**नवभारत न्यूज़**
**सौसर 14 जुलाई.** शासकीय कन्या उमावि सौसर में तहसील विधिक सेवा समिति एवं जिला एवं सत्र न्यायालय सौसर के तत्वावधान में आज विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा कानूनों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं का कैरियर गाइडेंस भी किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में शाला में संचालित भूमि ईको क्लब के तत्वाधान में एक पेड़ माँ के नाम 3.0 कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। जिला एवं सत्र न्यायालय सौसर की व्यवहार न्यायाधीश सुश्री प्रगति असाटी के कर-कमलों द्वारा शाला प्रांगण में माँ के नाम एक पौधा लगाया गया।भूमि

# भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को मोहोड ने दी शुभकामनाएं



**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 14 जुलाई.** भारतीय जनता पार्टी जिला पांढुर्णा के जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने आज अपने सौसर स्थित निवास कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला पांढुर्णा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि किसान मोर्चा संगठन का एक महत्वपूर्ण एवं सशक्त अंग है। नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने, किसानों के हितों की रक्षा करने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए पूरी निष्ठा, समर्पण एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विलास खिरडकर ने भी सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगी तथा किसानों के हित में प्रभावी कार्य करेगी।

इस अवसर पर - पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड,जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड़,जिला उपाध्यक्ष दीपक कामडे,अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष खेमराज सोनेकर,ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष रामेश्वर खोडे,पांढुर्णा नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश बंटी छागानी,रामाकोना मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल सहित किसान मोर्चा केपदाधिकारी उपस्तिथ थे।

## कन्या किशोर कौशल शिविर संपन्न,गायत्री परिवार द्वारा छात्रों को दी जानकारी



**नव भारत न्यूज**
**बडचिचोली, 14 जुलाई,** ग्राम के सरस्वती शिशु मँदिर स्कूल में आज गायत्री शक्तिपीठ पांढुरना द्वारा कन्या किशोर कौशल शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा प्रथम से आठवीं तक के सभी छात्रों के माता-पिता उपस्थित थे ।इस कन्या किशोर कौशल शिविर में नारायण कालभुत द्वारा कन्या कौशल कार्यक्रम में विद्यार्थियों को व्यक्ति विशेष व्यसन मुक्ति जीवन का लक्ष्य किशोर अवस्था में जीवन शैली में समस्या मार्गदर्शन मित्र कैसे हो करियर सोशल मीडिया का उपयोग एवं दुष्प्रभाव परीक्षा की तैयारी सफलता के सूत्र शिक्षक एवं अभिभावक के बच्चों के प्रति उत्तरदायित्व भारतीय संस्कृति उपासना साधना आराधना आदि के विषय में मार्गदर्शन दिया गया इस कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य जयपाल डोबले,स्कूल के शिक्षक पूर्व जनपद पंचायत सदस्य नूर मोहम्मद, शेख कय्यूम, कमलेश बाँरँगे अनिल गुजर adi प्रमुख रुप से उपस्थित थे ।

# मंदिर निर्माण की रेत चोरी के आरोप में पुलिस ने विपक्ष के बहुचर्चित नेता को थाने लाकर की पूछताछ

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना, 14 जुलाई,** नगर के गुरुनानक वार्ड के निर्माणाधीन मंदिर के कार्य के लिए रखी रेती चोरी के मामले में विपक्ष दल के एक बहुचर्चित नेता को पुलिस ने इनके घर से पकड़ कर लाते हुए पुलिस थाने में बैठाते हुए जांच कर रहीं है,वहीं नेताजी द्वारा कि गई इस रेत चोरी को लेकर नगर में कई तरह की जन चर्चाएं व्याप्त है ।

नगर के गुरूनानक वार्ड के लोगों द्वारा यहां के सार्वजनिक पार्क परिसर में शिव मंदिर का निर्माण कार्य किया जा रहा है,इस निर्माण को लेकर शुरुआती दौर से यही पास में रहने वाले विपक्ष दल के एक बहुचर्चित नेता तथा इसके परिवार द्वारा विरोध करते रहें । लेकिन वार्डवासियों के बहुमत को देखते हुए यहां शिव मंदिर का निर्माण कार्य पूरे विधि विधान के साथ शुरू किया गया।

प्रत्यक्षदर्शी सूत्रों की मानें तो इस मंदिर के निर्माण की नींव के लिए भी इसके पहले यहां रखी रेत तथा गिट्टी इस नेताजी ने अपने खेत में बन रहें कोठे के निर्माण कार्य के लिए बिना किसी को बताए यहां से लेकर गए थे,इसके बाद यहां के जागरूक लोगों द्वारा इस नेताजी को मंदिर के निर्माण के लिए लाई गई इस निर्माण सामग्री को नहीं ले जाने की बात कहीं थे,लेकिन यह नेता इन लोगों से वाद - विवाद करते हुए मारपीट पर आमादा होते रहें। वैसे पूर्व में ही यह अपने नित्त नए नए कारनामों के चलते आए दिन सुर्खियों में बने रहते है,अपनी विवाद कार्यप्रणाली के चलते ही आज फिर इन्होंने अपने निजी टैक्टर में श्रमिक की मदद से इस मंदिर निर्माण में लाई रेत को अपने खेत लेकर चले गए,इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने तथा मंदिर निर्माण कार्य में लगे श्रद्धालुओं की आस्था को आहत होता देख पुलिस ने नेताजी के घर पहुंचकर इस तरह की हरकत नहीं करने की समझाइश देते रहें,लेकिन यह नेताजी तो वर्दीधारियों को ही अपनी राजनीतिक पकड़ का रौब दिखाते हुए धमकाने लगे,फिर क्या था इस बात की जानकारी थाना प्रभारी को लगते ही यह स्वयं दलबल के साथ नेताजी के घर पहुंच गए और इन्हें पुलिस थाने लाकर किसी अपराधी की तरह बैठाते हुए इस मामले की जांच करने में लगे है। समाचार की इन पंक्तियों के लिए जाने तक पुलिस की जांच जारी थी।

# जनसुनवाई में लोगों की समस्या सुन अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश




**नव भारत न्यूज,**
**पांढुरना, 14 जुलाई,** नगर जिला मुख्यालय के जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जनसुनवाई का आज मंगलवार को आयोजन किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री ने 18 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में आज सावनी बडोदे, निवासी ग्राम पुसलढाना, ग्राम पंचायत चांगोबा, परियोजना पांढुर्णा द्वारा आंगनवाड़ी सहायिका भर्ती में सुनवाई का अवसर नहीं मिलने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। आस्था देशप्रतार, निवासी पिपला कंन्हान, तहसील सौसर द्वारा वर्ष 2025 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती में नियुक्ति नहीं मिलने के संबंध में आवेदन दिया गया। सरपंच, ग्राम पंचायत राजोराकला द्वारा पंचायत के चारों ग्रामों में कच्ची शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की गई। ग्राम पंचायत लेंदागोंदी, जनपद पंचायत पांढुर्णा द्वारा ग्राम गायखुरी में स्वीकृत आदिवासी बालक आश्रम भवन का निर्माण किसी अन्य स्थान पर न कराकर पूर्व निर्धारित एवं स्वीकृत स्थल (ग्राम गायखुरी) पर ही कराए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार पंचालखापा मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्यादित आंबाखापा द्वारा मत्स्य समिति के पंजीयन हेतु मत्स्य विभाग छिंदवाड़ा से अनुशंसा प्रदान किए जाने तथा समस्त आवेदकगण द्वारा ग्राम कामठीखुर्द रोड पर गिट्टी बिछाने के उपरांत शीघ्र डामरीकरण कराए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य प्राप्त आवेदनों पर भी सुनवाई करते हुए अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मौसम ▶ उमस ने बढ़ाई आमजन की बेचैनी

# फिर रूठा मानसून,हफ़्ते भर से बारिश न होने से किसान मायूस

**नवभारत न्यूज**
**सौसर 14 जुलाई** – जुलाई के महीने में जहाँ चारों ओर झमाझम बारिश का दौर होना चाहिए,वहीं क्षेत्र में मौसम के अचानक बदले मिजाज ने हर किसी को चिंता में डाल दिया है। पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में बारिश पूरी तरह से गायब है, जिससे अब खरीफ की फसलों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। कड़क धूप और बारिश की गैप के कारण खेतों में खड़ी फसलों की ग्रोथ थम सी गई है, जिसे देखकर अन्नदाता के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट दिखाई दे रही हैं।



**फसलों की रुकी ग्रोथ, मौसम की अनिश्चितता से बढ़ी चिंता**
इस साल शुरुआत से ही मानसून की बेरुखी के बाद हुई बारिश से किसानों ने बड़े उत्साह के साथ बुआई का काम पूरा किया था। उम्मीद थी कि इस बार अच्छी पैदावार होगी, लेकिन जुलाई के मध्य में आकर मानसून के इस तरह रूठ जाने से कृषि क्षेत्र को बड़ा झटका लगा है। कृषि विशेषज्ञों और किसानों का कहना है कि यह समय फसलों के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन पानी न मिलने से पौधे सूखने की कगार पर पहुँच रहे हैं। जुलाई के महीने में मौसम का यह अप्रत्याशित रूप आने वाले समय में मौसम की अनिश्चितता और जलवायु परिवर्तन के बड़े खतरों की ओर इशारा कर रहा है।

### *भीषण उमस से बेहाल लोग, अस्पतालों में बढ़ रही मरीजों की संख्या –*

*एक तरफ जहाँ किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं, वहीं दूसरी ओर आम जनता भी मौसम के इस बदले मिजाज से त्रस्त है। तेज धूप और हवा में नमी के कारण क्षेत्र में बेचैनी बढ़ाने वाली उमस का प्रकोप भारी रूप से बढ़ गया है। दिनभर पसीने से तरबतर कर देने वाली इस उमस और रात के गर्म माहौल का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। अचानक बदले इस मौसम के कारण मौसमी बीमारियों ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। डॉक्टरों के अनुसार, इस समय सर्दी, खाँसी, बुखार और पेट से संबंधित समस्याओं के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। बहरहाल क्षेत्र के किसानों और आम नागरिकों को अब केवल एक ही उम्मीद है कि मानसून जल्द ही दोबारा सक्रिय हो और क्षेत्र को इस सूखे व बेचैनी भरी उमस से राहत मिले।*

# आबकारी विभाग ने अवैध महुआ शराब के अड्डों पर दबिश देकर 800 किलो महुआ लाहन किया नष्ट



**नव भारत न्यूज,**
**पांढुरना, 14 जुलाई,** जिले में अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के जिला कलेक्टर नीरज वशिष्ठ के निर्देश तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी. आर. वैद्य के मार्गदर्शन में मंगलवार को आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्राम लांघा एवं गुजरखेड़ी में अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान दो चढ़ी हुई भट्टियां मिलीं। साथ ही नालों एवं जंगल में झाड़ियों के पास अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब बनाने के लिए पन्नियों एवं ड्रमों में एकत्रित लगभग 800 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया। महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष लाहन निर्मूल्य होने के कारण विधिवत नष्ट किया गया। इस कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 3 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।